दीनदयाल उपाध्याय
गोरखपुर विश्वविद्यालय
गोरखपुर–273009

(Accredited A++ by NAAC)

Deen Dayal Upadhyaya
Gorakhpur University,
Gorakhpur-273009

पत्रांक : सम्बद्धता/2024/07/5515 | दिनांक : 26/07/2024.

महत्वपूर्ण

सेवा में,

प्राचार्य/प्रबन्धक
समस्त, संबंधित महाविद्यालय
सम्बद्ध– दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर।

विषय– शैक्षिक सत्र 2024–25 में बी0बी0ए0 एवं बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम में प्रवेश एवं संचालन के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

अवगत कराना है कि सम्बद्ध महाविद्यालयों में जहां बी0बी0ए0 एवं बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम प्रस्तावित अथवा पूर्व से संचालित ऐसे महाविद्यालयों में संदर्भित पाठ्यक्रम की सम्बद्धता उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 37(2) के अधीन मा0 कार्यपरिषद की स्वीकृति के क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया जाता है।

संबंधित महाविद्यालयों को बी0बी0ए0 एवं बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम हेतु परामर्शी निकाय ए0आई0सी0टी0ई0 (अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्) द्वारा औपचारिक स्वीकृति प्राप्त करना होता है, जिससे कि सरकार द्वारा प्रदान की जा रही अतिरिक्त सुविधाओं का लाभ महाविद्यालयों को प्राप्त हो सके। **जिन महाविद्यालयों द्वारा बी0बी0ए0 एवं बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम के संचालन हेतु एआईसीटीई से मान्यता का आवेदन सत्र 2024–25 में नहीं कर पाये हैं, वे महाविद्यालय पूर्व की भांति छात्रों का प्रवेश सत्र 2024–25 में ले सकते हैं, किन्तु उन्हें आगामी सत्र 2025–26 में एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त करना होगा।**

अतः आपको सूचित किया जाता है कि शैक्षिक सत्र 2024–25 में बी0बी0ए0 एवं बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम की सम्बद्धता एवं नियमानुसार कक्षा संचालन विश्वविद्यालय से प्राप्त कर छात्रों का प्रवेश लेने का कष्ट करें।

भवदीय,

(प्रो0 शान्तनु रस्तोगी)
कुलसचिव

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, गोरखपुर।
2. समन्वयक, आई0टी0सी0 सेल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं समस्त महाविद्यालयों की लॉगइन में प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
3. प्रभारी सचिव कुलपति कार्यालय, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
4. वैय0 सहायक कुलसचिव।

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner